# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**प्रेषक :**
**सम्बद्धता विभाग,**
**जीवाजी विश्वविद्यालय**
**ग्वालियर**

ई–मेल : **E-mail : jiwajidcdc@gmail.com**

**क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2025/266** **दिनांक : 21.05.2025**

**प्रति,**

अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य
समस्त शासकीय एव अशासकीय महाविद्यालय
सम्बद्व जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

**अन्तिम अवसर**

**विषयः–** **सत्र 2025–26 में सामान्य पाठ्यक्रमों के महाविद्यालयों की सम्बद्धता शुल्क, निरीक्षण शुल्क एवं निरीक्षण आवेदन जमा करने के सम्बन्ध में।**

**संदर्भः–** **कार्यालयीन पत्र क्रमांक 47 दिनांक 20.03.2025 एवं पत्र क्रमांक 63 दिनांक 28.03.2025, पत्र क्रमांक 75 दिनांक 11.04.2025, पत्र क्रमांक 115 दिनांक 20.04.2025 एवं पत्र क्रमांक 228 दिनांक 05.05.2025**

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भित पत्रों के द्वारा सत्र 2025–2026 के लिये समान्य महाविद्यालयों की सम्बद्धता/निरंतरता हेतु सम्बद्धता शुल्क, निरीक्षण शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से जमा कराने हेतु सूचित किया गया था किंतु शासकीय महाविद्यालयों में शुल्क जमा करने हेतु राशि शासन से प्राप्त न होने के कारण सम्बद्धता एवं निरीक्षण शुल्क जमा नहीं की जा सकी है।

अतः उक्त संबध में समस्त सामान्य पाठ्यक्रमों के महाविद्यालयों के अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य को अन्तिम पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, **सत्र 2025–2026 की अस्थायी सम्बद्धता हेतु सम्बद्धता/निरंतरता एवं निरीक्षण शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से निर्धारित दिनांक 13 मई, 2025 के स्थान पर दिनांक 31 मई, 2025 निर्धारित की जाती है तथा उक्त संबंध में महाविद्यालयों को अंतिम अवसर प्रदान कर निर्देशित किया जाता है कि, निर्धारित तिथि तक आवेदन ऑनलाईन भरकर हार्ड कॉपी अनिवार्य रूप से सम्बद्धता विभाग में जमा करें। महाविद्यालय प्राचार्य यह सुनिश्चित करना चाहें कि अंतिम अवसर के उपरांत शुल्क जमा करने हेतु तिथि में किसी भी परिस्थिति में वृद्धि नहीं की जावेगी। अतः निर्धारित अवधि में शुल्क जमाकर आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करें।**

निर्धारित तिथि तक निरीक्षण आवेदन जमा न करने की स्थिति में महाविद्यालय का निरीक्षण कराया जाना संभव नहीं होगा एवं महाविद्यालय को सत्र 2025–26 की सम्बद्धता प्रदान नहीं किये जाने की स्थिति में महाविद्यालय प्रबंधन स्वयं जिम्मेदार होगें।

**नोटः–**

1. **निर्धारित तिथि के तीन कार्य दिवस उपरांत तक आवेदन परिनियम–27 की कंडिका 13(3)(II) के अनुसार 25% विलम्ब शुल्क के साथ स्वीकार किया जावेगा।**
2. **एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से निरीक्षण आवेदन भरने सम्बधित जानकारी हेतु प्रभारी, एम.पी. ऑनलाईन, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से सम्पर्क किया जाना सुनिश्चित करें।**

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि :–**

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुडा भवन, भोपाल, म.प्र.।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर–चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा कम्पू, लश्कर ग्वालियर।
3. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. प्रभारी, आई.टी. सेल. जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर प्रकाशित करने हेतु।

**निदेशक,**
**महाविद्यालयीन विकास परिषद**